पंजाब केसरी 31/03/2026

छात्रवृत्ति केवल आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा, मेहनत और जिम्मेदारी की पहचान : डॉ. रोहित दत्त

अम्बाला, 30 मार्च (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में सोमवार को प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के कुशल मार्गदर्शन में विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत मेधावी एवं आर्थिक रूप से जरूरतमंद विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं। छात्रवृत्तियों का वितरण पूर्व में आयोजित पारदर्शी एवं निष्पक्ष चयन प्रक्रिया के आधार पर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रवृत्ति केवल आर्थिक सहयोग का माध्यम नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों की प्रतिभा, मेहनत और जिम्मेदारी की पहचान भी है। विद्यार्थियों को इसे अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरणा के रूप में लेना चाहिए। डॉ. दत्त ने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया।

मेधावी व जरूरतमंद विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियों का वितरण करते प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त। (चंद्रमोहन)

विद्यार्थियों का चयन उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता, खेलों एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उल्लेखनीय प्रदर्शन तथा आर्थिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किया गया। इसके अतिरिक्त कॉलेज द्वारा एन.सी.सी., एन.एस.एस. एवं वाई.आर.सी. में सक्रिय सहभागिता निभाने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष छात्रवृत्तियों से सम्मानित किया गया। इस संपूर्ण प्रक्रिया का सफल समन्वय कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पिंकी गुप्ता द्वारा किया गया, जिनके प्रयासों से यह आयोजन सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. पिंकी गुप्ता ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सफलता केवल अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि धैर्य, ईमानदारी और निरंतर प्रयास ही वास्तविक उपलब्धि का आधार हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने उच्च लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. भारती विज एवं श्याम रहेजा भी उपस्थित रहे।